# अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 5 फरवरी 2025
माघ शुक्ल-अष्टमी
विक्रम संवत-2081


PAGE NO. 06, MIDDLE

# कैंसर को मात देने वाले योद्धा सम्मानित



एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कैंसर विजेताओं का सम्मान किया गया। स्रोत : संस्थान

अमर उजाला ब्यूरो

**बरेली।** विश्व कैंसर दिवस पर बुधवार को जानलेवा रोग से बचाव और इलाज के संबंध में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में कार्यक्रम हुआ। साथ ही, कैंसर से लड़कर विजेता बने पीड़ितों का सम्मान किया गया। जल्द आर्थो ऑंकोलॉजी के संचालन का आश्वासन दिया गया।

चेयरमैन देवमूर्ति ने कैंसर को मात देने वाले मरीजों की हिम्मत को सराहा। विभागाध्यक्ष डॉ. पियूष अग्रवाल ने कैंसर से बचाव के उपाय, तकनीकी और उपकरणों की जानकारी दी। गायनी ओंको सर्जन कर्नल डॉ. मनोज कुमार टांगड़ी ने सर्विक्स कैंसर से बचाव के लिए स्क्रीनिंग, वैक्सीनेशन पर जोर दिया। पीजी विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक की कहानियों से कैंसर से बचाव के उपाय बताए। संचालन डॉ. रशिका सचान ने किया। यहां डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आदित्य मूर्ति व अन्य मौजूद रहे।

**ये कैंसर विजेता हुए सम्मानित :** बरेली के संगीता देवी, अनीता अग्रवाल, राजेश्वरी देवी, शशिबाला, बिमला देवी, ओमशीला, खुशनुमा, आसमा, बृजपाल सिंह, राम प्रसाद, विजय कुमार गुप्ता, मुरादाबाद की शकुंतला खान, हल्द्वानी की कमला, शाहजहांपुर की रेशम सिंह, काशीपुर के जोखे सिंह, कालाढूंगी रमा देवी, हल्द्वानी के महासिंह।

## कैंसर के प्रति जागरूकता से ही होगा बचाव

**बरेली।** विश्व कैंसर दिवस के मौके पर स्वास्थ्य केंद्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। इलाज के लिए पहुंचे मरीज और तीमारदारों को बताया कि कैंसर के प्रति जागरूकता ही बचाव के उपाय हैं। चिकित्सकों ने कैंसर के संदिग्ध लक्षण, जांच और इलाज के बारे में बताया। सीबीगंज अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. मधु गुप्ता ने कैंसर अब लाइलाज नहीं रहा, लेकिन समय से इलाज शुरू हो यह तभी मुमकिन है। हालांकि, इसकी चपेट में आने पर बेतहाशा तकलीफ से पीड़ित को गुजरना पड़ता है। इसलिए रोग की चपेट में न आना ही बेहतर है। इसके लिए रोग की वजह क्या है इसकी जानकारी प्रत्येक व्यक्ति को होनी चाहिए। तंबाकू, धूम्रपान, पान मसाला के सेवन से मुंह का कैंसर तेजी से बढ़ रहा है। अगर लक्षण नजर आएं तो तत्काल चिकित्सक को दिखाएं। इस दौरान केंद्र स्टाफ समेत अन्य लोग मौजूद रहे। ब्यूरो